एक वित्तीय वर्ष में किसी औद्योगिक विकास प्राधिकरण की ओर से किया गया सर्वाधिक अधिग्रहण, किया मजबूत लैंड बैंक

गीडा ने 500 एकड़ जमीन खरीद बनाया रिकॉर्ड

स्थापना दिवस

01 हजार करोड़ की जमीन पर रखी जाएगी उद्योगों की बुनियाद

सहजनवा से लेकर धुरियापार एरिया में हुआ है किसानों से जमीन का अधिग्रहण

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। गीडा ने पिछले एक साल में 500 एकड़ से अधिक जमीन का अधिग्रहण कर रिकॉर्ड बनाया है। माना जा रहा है कि यह एक वित्तीय वर्ष में किसी औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा सर्वाधिक अधिग्रहण है। जमीन के एवज में गीडा की तरफ से सहजनवा से लेकर धुरियापार के किसानों को करीब 1000 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है।

30 नवंबर को गीडा के 35वें स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 88 नए औद्योगिक भूखंडों का आवंटन कर 1286 करोड़ रुपये के निवेश और 5200 लोगों के रोजगार का मार्ग प्रशस्त करेंगे। पिछले एक साल में (31 अक्टूबर 2024 तक) गीडा ने 501.68 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया। यह गत वर्ष की तुलना में दोगुना है। वर्ष 2023-24 में गीडा ने 250.46 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया था। गीडा प्रति एकड़ करीब दो करोड़ रुपये का भुगतान कर रहा है।

गीडा स्थापना दिवस के आयोजन को लेकर जर्मन हैंगर लगाने का काम जोरों पर है।

कुल मिलाकर गीडा ने सहजनवां से दक्षिणांचल तक अपना लैंड बैंक भी मजबूत किया। धुरियापार क्षेत्र में 550 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जा चुका है। गीडा में अपनी यूनिट लगाने के लिए कोका कोला, बिसलेरी, अडानी और जेके ग्रुप (सीमेंट फैक्ट्री के लिए) जैसे बड़े औद्योगिक घरानों ने भी जमीन की मांग की है। जिन्हें जमीन के आवंटन की प्रक्रिया चल रही है।

प्रस्तावित है 1286 करोड़ रुपये का निवेश : मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अनुज मलिक बताती हैं कि गत एक वर्ष में गीडा द्वारा आवंटित 88 भूखंडों पर कुल 1286 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। इसमें जिन प्रमुख इकाइयों के लिए जमीनों का आवंटन किया गया है उनमें एपीएल अपोलो ट्यूब्स लिमिटेड, एसएलएमजी पीईटी प्लांट, कपिला कृषि उद्योग, आईसन एयर कूलर, टेक्नोप्लास्ट पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड, मॉडर्न पैकेजिंग प्राइवेट लिमिटेड, नोवामैक्स इंडस्ट्रीज व होटल नीलकंठ ग्रैंड शामिल हैं।

इन उद्योगों को करीब 3500 वर्गमीटर से लेकर 72000 वर्गमीटर तक के भूखंड आवंटित किए गए हैं। इनमें 50 करोड़ से लेकर 320 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावित हैं।

सीएम के हाथों प्रमुख उद्योगों के लोकार्पण/शिलान्यास

- 550 करोड़ रुपये के निवेश वाले अंकुर उद्योग के सरिया प्लांट का लोकार्पण।
- 1100 करोड़ रुपये के निवेश वाली पेप्सिको जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनी यूनिट का लोकार्पण।
- 118 करोड़ रुपये के निवेश वाली ज्ञान डेयरी की यूनिट का लोकार्पण।
- जल जीवन मिशन में सप्लाई देने वाली तत्वा प्लास्टिक की 110 करोड़ रुपये निवेश वाली पाइप फैक्ट्री का लोकार्पण।
- 1200 करोड़ रुपये का निवेश करने वाली केयान डिस्टलरी के एथेनॉल व डिस्टलरी प्लांट का शिलान्यास।

पांच बड़े निवेशकों को सीएम के हाथों मिलेगा आवंटन पत्र

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। गीडा ने बीते पांच सालों में 297 एकड़ क्षेत्रफल में 333 औद्योगिक भूखंडों का आवंटन किया है। इस सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए गीडा के स्थापना दिवस पर 30 नवंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी के 67 एकड़ के कुल 85 नए भूखंडों का आवंटन होने जा रहा है। इनमें से पांच बड़े निवेशकों को भूमि आवंटन का प्रमाण पत्र मुख्यमंत्री अपने हाथों से सौंपेंगे। इसमें कोका कोला, बिसलेरी, डिस्टेलरी यूनिट के लिए जमीन का आवंटन हो सकता है।

गीडा की स्थापना वैसे तो 35 साल पहले हुई थी लेकिन पिछले 7 वर्षों में औद्योगिक प्रगति की रफ्तार तेज है। मुख्यमंत्री बनने के बाद योगी आदित्यनाथ ने उद्यमियों और उनकी पूंजी की सुरक्षा की गारंटी देने का अनवरत ऐलान किया, इंडस्ट्री फ्रेंडली नीतियां बनाईं, तो गीडा भी निवेश के लिए लिए बेहतरीन गंतव्य बन गया।

गीडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अनुज मलिक बताती हैं कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में गीडा तेजी से प्रगति पथ पर अग्रसर है। विभिन्न सेक्टरों में विगत पांच सालों से 297 एकड़ क्षेत्रफल में 333 भूखंड आवंटित किए गए हैं। वर्तमान वित्तीय वर्ष में 67 एकड़ भूमि का आवंटन किया गया है।

इस साल के पांच बड़े आवंटी व उनका निवेश

निवेशक	प्रस्तावित निवेश
एपीएल अपोलो ट्यूब्स	320 करोड़
ग्रीनटेक भारत	220 करोड़
देराधार ओक एंड स्पिरिट्स	80 करोड़
एसेन कूलर्स	62 करोड़
वीआरएस फूड्स	52 करोड